संख्या-50/2016/2415/33-3-2016-268/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी (नाम से)
उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक: 15 सितम्बर, 2016

विषयः- डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्रामों एवं अन्य ग्रामों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का सत्यापन कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवगत कराना है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत प्रदेश में व्यापक गतिविधियां चल रही है। इन गतिविधियों का उददेश्य प्रदेश के ग्रामों को खुले में शौच मुक्त करना है इस हेतु बड़ी संख्या में सभी जनपदों में शौचालय निर्माण हो रहा है। योजना के पारदर्शितापूर्ण सफल क्रियान्वयन हेतु यह आवश्यक है कि समय-समय पर कराये जा रहे कार्यों का सत्यापन कराया जाए, जिससे कि गुणवत्ता बनी रहे व धनराशि के दुरूपयोग की सम्भावना से बचा जा सके।

अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में चयनित डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्रामों में निर्मित समस्त शौचालयों का भौतिक सत्यापन जनपद स्तर पर विकास कार्यो की समीक्षा/ इन ग्रामों हेतु नामित नोडल अधिकारियों/जिला स्तर अधिकारियों के माध्यम से करने तथा अन्य ऐसे ग्रामों जिनमें बड़ी संख्या में शौचालय निर्माण हो रहा है का भौतिक सत्यापन पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त जनपदीय अधिकारियों/गठित टीम के माध्यम से 10 दिन के अन्दर प्राथमिकता के आधार पर कराने का कष्ट करें। यदि किसी भी ग्राम पंचायत में धनराशि के दुरूपयोग की स्थिति/प्रकरण प्रकाश में आती है तो दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने का भी कष्ट करें। यदि शासन/निदेशालय स्तर से कार्यवाही की जानी हो तो अभिमत/ स्पष्ट संस्तुति के साथ प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय। समस्त सत्यापन की संकलित रिपोर्ट भी दिनांक 20.10.2016 तक शासन को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांकः- तदैव।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0।
2. मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0।
3. समस्त उप निदेशक (पं0) पंचायतीराज, उ0प्र0।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
5. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।
6. कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
7. निजी सचिव, मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव, समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(एस0पी0सिंह)
उप सचिव।

shasnadesh.up.nic.in